## सार-समाचार

### परिंडा अभियान का शुभारंभ



**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला करौली संघ की ओर से भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत देने के लिए एक अनूठी पहल शुरू की गई है। इस क्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जुंगीनपुरा में परिंडा अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने पक्षियों के लिए परिंडा लगाकर इस अभियान की शुरुआत की और इसे पुण्य कार्य बताते हुए स्काउट गाइड की इस पहल की सराहना की। स्काउट प्रभारी राजेश सरस्वती ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के सार्वजनिक स्थानों पर 100 से अधिक परिंडे लगाए जाएंगे। इन परिंडों में प्रतिदिन पानी भरने की जिम्मेदारी आसपास के लोगों को सौंपी जाएगी, ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी की कमी न झेलनी पड़े। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल पक्षियों के संरक्षण में मदद करेगा, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा।कार्यक्रम में स्काउट गाइड के सदस्यों, विद्यालय स्टाफ और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विधायक गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने स्काउट गाइड की इस पहल को अन्य संगठनों के लिए अनुकरणीय बताया। यह अभियान करौली जिले में पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत किया और परिंडों की देखभाल में सहयोग का वादा किया।

### पोस्टर का विमोचन

**सूरौठ, (निसं)।** तहसील में 1 मई से शुरू होने वाली एसपीएल किक्रेट प्रतियोगिता कि तैयारियां कमेटी सदस्यों के द्वारा जोर शोरों से कि जां रही है जिसमें सभी सदस्यों कों अलग-अलग जिम्मेदारीयां सौपी गई, कमेटी सदस्य आशीष, मीना व गोलू व दिनेश मीना, विवेक, मोहित, रिंकू व राहुल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक सबसे बडी किक्रेट प्रतियोगिता में अब तक 64 टीमों के द्वारा रजिस्ट्रेशन करवा दिया गया, सभी मैच दूधिया रोशनी में खिलायें जायें एम्पायर का निर्णय सर्वमान्य रहेगा , डीआरस सुविधा भी मैच में होगी, किक्रेट प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख रुपये व शील्ड प्रदान कि जायेगी व उपविजेता टीम कों 51 हजार रुपए व शील्ड प्रदान कि जायेगी, तृतीय विजेता को 11 हजार व शील्ड प्रदान कि जायेगी व चतुर्थ विजेता कों 51 सौं रूपये व शील्ड प्रदान कि जायेगी , बेस्ट ऑफ प्लेयर के लिए किक्रेट बैट प्रदान किया जायेगा, किक्रेट मैदान पर सभी सदस्यों द्वारा अपनी अपनी जिम्मेदारीयों कों बखूभ रूप से निभाया जा रहा है जिसको लेकर मैदान में अधिकांश तैयारियां पूर्ण हो चुकी है, कस्बे के सभी प्रबुद्ध जनों द्वारा एसपीएल किक्रेट टूर्नामेंट के पोस्टर का विमोचन , सतीश जिंदल, डीएसपी कृष्ण राज जांगिड राजीव शुक्ला, महादेवा जांगिड़, रूचि गोयल,राजीत अमरसिंह अंकित शर्मा प्रमोद तिवारी,पिंटू ठेकेदार आशिफ खां, रामसिंह आढ़तिया, प्रहलाद ठेकेदार,खलील खां बृजेश भारद्वाज सहित सभी प्रबुद्ध जनों द्वारा किया जा रहा किक्रेट प्रतियोगिता को लेकर सर्व समाज युवा सहित सभी लोगों में खुशी का माहौल है।

### श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**भरतपुर, (निसं)।** आज गांव जापानी, जूना स्थित मठ में सर्व ग्राम समाज की ओर से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिसमें श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व वल्लभ एवं वयोवृद्ध कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से साफा, माला, दुपट्टा आभूषणकर एवं बांके बिहारी जी महाराज के प्रतीक चिन्ह श्रीमद्भागवत कथा का स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर परीक्षित चंद शर्मा और उनकी पत्नी को भी सम्मानित किया गया। भक्ति रस से रचित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य यजमान एवं सभी भक्तगणों की ओर से भी अभ्यारण्य का भावपूर्ण अभिनन्दन किया गया। श्रीमद्भागवत कथा के महत्वपूर्ण प्रकाश में आए पूर्व मौलाना कौशलेश शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की महानता के बारे में बताया गया है। यह पुराण सभी प्रकार के कल्याण और सुख देने वाला है। आज की कथा में प्रभुदेव चरित्र, चरित्र, वामनावतार की कथा का वर्णन किया गया है। इस अवसर पर वयोवृद्ध मठ एवं श्री सभा के पूर्व मौलाना कौशलेश शर्मा, समता आंदोलन के वल्लभ केदार नाथ पाराशर, सर्व शक्ति मित्र मंडल फाउंडेशन के अचल सदस्य नामीचंद मुद्गल, सेवानिवृत्त सहायक लेखा अधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के उपराष्ट्रपति विष्णुदत्त शर्मा, एलसाइंट्स के लाल चंदन शर्मा, समाज आंदोलन के वरिष्ठ सदस्य पंडित कैलाशेश शर्मा, श्री ब्राह्मण सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य पंडित पंडित लाल शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक भंडारी इंजी. देवकीनंद शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संजय शर्मा, मनोरंजन उद्योगपति बिहारी, सेवानिवृत्त अमीन शर्मा रामाधार शर्मा, श्रेणी वर्गीकरण मोहन तिवारी, समता आंदोलन समिति के अशोक शर्मा सारस, निर्माता बाबूलाल कटारा सहित कई विप्र बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर पधारे हुए सभी अतिथि विप्र बंधुओं को आचार्य शास्त्री ने माला व दुपट्टा वस्त्रकर को अपना आशीर्वाद दिया । पूर्व सरपंच बॉध्न सिंह और मास्टर टुंडा राम ने सभी विक्षोभों का धन्यवाद दिया ।

### पीएचसी को कूलर भेंट किए

**भरतपुर, (निसं)।** ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल करते हुए, समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता द्वारा ब्रह्मवाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बड़े आकार के दो कूलर भेंट किए गए। इन कूलरों को बुधवार को अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता द्वारा पीएचसी प्रशासन को सुपुर्द किया गया। पुनीत गुप्ता ने बताया कि ग्रामवासियों, पीएचसी स्टाफ और मरीजों के परिजनों के आठाह पर यह कदम उठाया गया, जिससे मरीजों को गर्मी से राहत मिल सके। संस्था का उद्देश्य है कि ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हों और रोगियों को सुविधा व सम्मानजनक माहौल मिल सके। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग, अस्पताल स्टाफ और ठामवासियों ने इस सहयोग के लिए समृद्ध भारत अभियान टीम का आभार व्यक्त किया। अस्पताल के लेखा सहायक गिरीश गर्ग और संदीप बंसल ने बताया कि पीएचसी में कूलरों की भारी कमी थी और रोगी व उनके परिजन गर्मी से बेहद परेशान रहते थे। अब इन कूलरों के माध्यम से काफी राहत मिलेगी। डॉ. गौरव सिंह ने कहा, ''समृद्ध भारत अभियान द्वारा किया गया यह योगदान रोगियों के लिए बेहद सहायक साबित होगा। संस्था द्वारा अन्य संसाधनों में भी सहयोग की उम्मीद की जाती है।''इस मौके पर बयाना ब्लॉक कार्यक्रम प्रभारी नगेंद्र पांडे, मान सिंह मीणा, एलएचवी वीना शर्मा, एएनएम सुनीता मीणा, डीईओ वेद प्रकाश, संस्था के जगदीश यादव, विष्णु मित्तल, बलराम शर्मा, भगवान सिंह धाकड़ व उमेश शर्मा सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### डॉ. चतुर्वेदी को ग्रीन योद्धा सम्मान

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** वरिष्ठ भाजपा नेता, सेवा निवृत्त प्रोफेसर, पर्यावरणविद, साहित्यकार, समाजसेवी तथा राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को इंटरनेशनल मदर अर्थ अवॉर्ड - 2025 एवं ठीन योद्धा सम्मान - 2025 प्रदान किया गया है। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर गोल्डन इरा बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकाड्र्स तथा भावना कला एवं साहित्य फाउंडेशन द्वारा डॉ. चतुर्वेदी को पर्यावरण संरक्षण हेतु किये गये उल्लेखनीय कार्यों हेतु इंटरनेशनल मदर अर्थ अवॉर्ड -2025 एवं ठीन योद्धा सम्मान-2025 प्रदान किया गया। डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को संगठनात्मक कार्यों का एक लंबा अनुभव है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा विविध सामाजिक संगठनों में वे पिछले पैंतीस वर्षों से निरंतर सक्रिय हैं। शैक्षिणक एवं सामाजिक क्षेत्र में वे अपनी एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। वे अब तक विविध प्रकार के लगभग पंद्रह सौ से अधिक वृक्ष लगा चुके हैं। आकाशवाणी और दूरदर्शन पर डॉ. चतुर्वेदी की अनेक वार्ताएं प्रसारित हो चुकी हैं। वे एक श्रेष्ठ समीक्षक, कुशल वक्ता तथा कुशल मंच संचालक भी हैं।

# गोवर्धन गेट से रेड क्रॉस सर्किल तक अतिक्रमण हटाया

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी बीडीए एवम नगर निगम द्वारा आज सुबह गोवर्धन गेट से रेड क्रॉस सर्किल तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। रोड़ के दोनों तरफ से 5 से 10 फ़ीट तक अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान काफी पुलिस का जाब्ता मौजूद रहा। कार्रवाई के समय व्यापारियों का विरोध भी देखने को मिला। अतिक्रमण हटाने को लेकर लोगों में हड़कंप मच गया राकेश लवानिया सहित अन्य लोगों की अधिकारियों से कागजातों को लेकर कहा सुनी भी हुई। इन लोगों ने अपने जमीन के कागजात होना भी बताया।कार्रवाई से पहले नगर निगम की टीम कई बार अतिक्रमणकारियों को

> ■ 80 फीट होगी रोड की चौड़ाई, कार्रवाई से पहले ही खुद मकान और दुकान तोड़ने लगे लोग

नोटिस दे चुकी थी। गोवर्धन गेट से रेड क्रॉस सर्किल तक रोड़ की चौड़ाई 80 फ़ीट की जाएगी। जिसके तहत कार्यवाही की जा रही है।

नगर निगम के आयुक्त श्रवण विश्नोई ने बताया कि रेड क्रोस सर्किल से लेकर गोवर्धन गेट तक अतिक्रमण को हटाया गया है। यह रोड़ 80 फ़ीट बनाया जा रहा है। सभी दुकान और मकान वालों को पहले ही नोटिस दे दिए गए थे। नगर निगम पिछले 15 दिनों से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। आज नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम की टीम को देखकर कुछ लोग खुद अपनी दुकानें तोड़ने लगे हुए हैं। वह लोग अंडरटेकिंग दे रहे हैं। 7 दिन का अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांगा गया है। हमारा उद्देश्य यह नहीं है कि किसी को नुकसान पहुंचे। आयुक्त विश्नोई ने बताया कि करीब दस लोगों के पास निगम से नीलामी में प्लॉट खरीदने के पट्टे भी है उन्हें जमीन के बदले जमीन दी जाएगी ऐसा बता दिया है। उन्होंने बताया कि जो लोग खुद अतिक्रमण हटा रहे हैं। उन्हें हम समय दे रहे हैं और, जो नहीं तोड़ रहा है जिद्द कर रहा है उसे बुलडोजर से तोड़ा जा रहा है। जो लोग दुकान खाली नहीं कर रहे हैं। उसकी मौका जब्ती की रिपोर्ट बनाकर सामान जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। वह सामान बाद में दे दिया जाएगा। जो व्यक्ति दुकान से सामान लेकर जा रहे हैं। उन्हें ट्रैक्टर और बाकी साधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। कार्रवाई जनता का सहयोग मिल रहा है हम भी जनता को सहयोग कर रहे हैं। जो व्यक्ति खुद दुकान तोड़ रहा है जिससे उसका सामान बच रहा है। उसका ध्यान रखते हुए पूरे सहयोग से कार्रवाई की जा रही है ।

भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी के आयुक्त प्रतीक जुईकरने बताया कि नगर निगम और बी डी ए द्वारा संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। रेड क्रोस सर्किल से गोवर्धन गेट तक 80 फ़ीट मास्टर प्लान के तहत रोड़ है। इसके लिए दुकान और मकान वालों को पहले भी 2 से 3 बार नोटिस दिए जा चुके हैं। आखिरी नोटिस देकर विधि पूर्वक प्रक्रिया अपनाते हुए आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है।



भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी बीडीए एवम नगर निगम द्वारा आज सुबह गोवर्धन गेट से रेड क्रॉस सर्किल तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

# फुटबॉल संघ के अध्यक्ष का किया स्वागत

**करौली, (निसं)।** जिला फुटबाल संघ के बबलू शुक्ला निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर शहर के प्रमुख लोगों ने उनका माला साफा पहनाकर स्वागत किया।

गत दिनों करौली जिला फुटबॉल संघ के चुनाव संपन्न हुए जिनमें अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी निर्विरोध रूप से चुनी गई इस अवसर पर हॉकी राजस्थान संघ के अध्यक्ष अरुण सारस्वत, पॉचना पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र बैंसला,अंकुश शुक्ला, महेंद्र सूरौठिया, दीपक शर्मा, अनिल शर्मा अनु, वीरेंद्र शर्मा सहित कई अन्य प्रमुख लोगों ने सूरौठिया निवास पर बबलू शुक्ला का माला साफा पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि अब करौली में फुटबॉल खेल भी अपनी ऊंचाइयां छूएगा और शीघ्र ही फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन होंगे। जिला खेल अधिकारी खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र करौली अशोक कुमार ने बताया कि राजस्थान फुटबाल संघ के पर्यवेक्षक दिलीप श्रीवास्तव, जिला ओलंपिक संघ करौली के पर्यवेक्षक अब्दुल जब्बार खान कि उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी करौली डॉ. कल्याण लाल मीणा कि उपस्थिति में जिला फुटबाल संघ के चुनाव संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद पर बबलू शुक्ला, उपाध्यक्ष पद पर शमा बेगम, राजेश कुमार सहारिया, समय राज मीणा, आसिफ खान, सचिव सबीना बानो, संयुक्त सचिव आसिफ खान, घनश्याम लोधा, कोषाध्यक्ष अतीक खान एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ओमप्रकाश एवं हेमराज माली को लिया गया है।



करौली में जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष बबलू शुक्ला का प्रमुख लोगों ने स्वागत किया।

### ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा

**करौली, (निसं)।** ग्राम पंचायत बझेडा को पुर्नगठित पंचायत समिति शेरपुर से हटाकर पुन: पंचायत समिति श्रीमहावीर जी या हिण्डौन सिटी में जोडने के कि मांग को लेकर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सहित ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा।

युवा कांग्रेस के अध्यक्ष खेमसिह मीणा के नेतृत्व में ग्रामीण लखन लाल, विमल, विकास मीणा, घनश्याम, परशराम, अशोक, राहुल मीणा सहित अन्य ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेशकर बताया कि गत 7 अप्रेल को ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति पुर्नगठित करके नवीन गठन किया गया है जिसमें ग्राम पंचायत बझेडा को पंचायत समिति महावीरजी से हटाकर नवीन पंचायत समिति शेरपुर में जोड दिया है जो कि पूरी तरह से अन्याय है श्रीमहावीर जी पंचायत समिति की दूरी 13 किमी. है और हिण्डौन पंचायत समिति की दूरी 10 किमी. है जबकि शेरपुर पंचायत समिति कि दूरी 35 किमी. पडती है उन्होने बताया कि करौली जिले में सबसे पिछडी हुई पंचायत समिति है और वो बझेडा पंचायत समिति है।

### बैठक 25 को

**करौली, (निसं)।** जिला स्वास्थ्य समिति के सदस्य सचिव ने बताया कि 25 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# पंचायती राज स्थापना दिवस आज

**करौली, (निस )।** पंचायती राज स्थापना दिवस कार्यक्रम आज गुरूवार को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के द्वारा स्वराज संवाद के रूप में मनाया जाएगा।

जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजीव गांधी पंचायती राज संगठन व पूर्व पार्षद मजीद खान ने बताया कि कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ कांग्रेसी ,प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, विधानसभा समन्वयक व ब्लॉक अध्यक्ष कांठोस पार्टी के सभी अठिाम संगठन, पंचायत समिति सदस्य, विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी वर्तमान सरपंच,पूर्व सरपंच, पूर्व व वर्तमान जिला परिषद सदस्य, पार्षद, कांग्रेस के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सादर आमंत्रित है।

# पृथ्वी दिवस पर धरती को सुरक्षित रखने का दिलाया संकल्प

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** स्थानीय भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर सफाई अभियान के अंतर्गत इंडिया लोकल गाइड के तत्वाधान में गहन सफाई अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थी, शिक्षकों के अलावा इंडिया लोकल गाइड के कुछ सदस्य भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में केशव लाल गुप्ता ने पृथ्वी दिवस की चर्चा करते हुए इस अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की और सफाई अभियान में भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों शिक्षकों एवं इंडिया लोकल गाइड्स के सदस्यों का परिचय करा कर समूह निर्माण का कार्य किया। यह अभियान तीन समूह में आयोजित किया गया। आयोजन के पश्चात सभी

> ■ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया, चलाया गहन सफाई अभियान

लोग महाविद्यालय के मीटिंग रूम में पुन: एकत्रित हुए और सफाई अभियान के बाद अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत शर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया और कहा कि धरती हमें जीवन देती है, पानी, भोजन और आश्रय प्रदान करती है। अतः इसका संरक्षण हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी दिवस की शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरिका में हुई थी। जब लाखों लोगों ने पर्यावरण सुरक्षा की आवाज बुलंद की। आज यह दिवस 190 से अधिक देशों में मनाया जाता है।

उन्होंने अपने भाषण में यह भी बताया कि पिछले 100 वर्षो में पृथ्वी का तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस तक बढ चुका है जो वर्तमान और आने वाली पीढियों के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके कारण मौसम में परिवर्तन और ऋतुओं की असामान्यता देखी जा रही है। कार्यक्रम प्रभारी केशवलाल गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण हेतु कुछ सरल उपाय बताएए जैसे कि पेड लगाना व उनकी रक्षा करना, प्लास्टिक का उपयोग न करना, स्वच्छता बनाए रखना, कचरे का पुनर्चक्रण, रीसाइक्लिंग करना, पर्यावरण.मित्र वस्तुओं का उपयोग करना आदि। कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्रवक्ता विजय राज त्रिवेदी, नवदीप शर्मा, मनीषा श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के समस्त छात्र.छात्राओं द्वारा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। परिसर एवं परिसर के बाहर मोक्ष धाम में पक्षियों के लिए शीतल जल की व्यवस्था के लिए लगभग 50 परिंडे बांधे गए।

साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि प्रतिदिन पक्षियों के लिए स्वच्छ व ठंडा जल महाविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा भरा जाएगा। इस प्रकार कार्यक्रम ने सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया और धरती को सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया कार्यत्र्रम में महाविद्यालय के प्रशिक्षनार्थी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



गंगापुर सिटी में परिण्डा बांधते भगवती टीटी कॉलेज के विद्यार्थी।

## सार-समाचार

### विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण



**गंगापुर सिटी, (निसं)।** नसिया कॉलोनी स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान कुहू इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी विद्यालय के प्राथमिक स्तर के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने 22 अप्रैल, मंगलवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनकी देखभाल का भी संकल्प लिया। साथ ही, कॉलोनीवासियों को स्वच्छता और हरियाली बनाए रखने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी पिंकी त्रिलोकानी ने बताया कि बचपन से ही यदि विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित की जाए, तो वे आगे चलकर जागरूक नागरिक बनते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय परिवार इस प्रकार की सहशैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। विद्यालय के मीडिया चेयरपर्सन धनेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नवाचार के पीछे विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ. मिथिलेश शर्मा का मार्गदर्शन एवं प्रेरणा भी रही है। दोनों शिक्षाविदों का मानना है कि विद्यार्थियों को विद्यालयी जीवन में संस्कार, सामाजिक जागरूकता और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों से परिचित कराना अत्यंत आवश्यक है। पिंकी त्रिलोकानी ने आगे बताया कि कुहू इंटरनेशनल विद्यालय सदैव शैक्षिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सहशैक्षिक गतिविधियों में भी अग्रणी रहा है। भविष्य में भी इसी तरह के नवाचारों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे न केवल विद्यार्थी, बल्कि आमजन भी लाभान्वित हों। इस अवसर पर दीक्षा कंवर, शुभम शर्मा, खुशबू वैद्य, प्रियंका शर्मा, कृतिका सिंह, शगुन, ऋति सारस्वत , अनीता शर्मा , भारत जगवानी , स्नेहा वर्मा , कविता शाक्यवार सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

### अभिषेक सेहरा ने किया नाम रोशन

**करौली, (निसं)।** अभिषेक सेहरा ने यूपीएससी सिविल सेवा में 366वी रैंक प्राप्त कर करौली जिले का नाम रोशन किया।अभिषेक सेहरा श्री महावीर जी के निकट शेखपुरा गांव निवासी डॉ हरीश सेहरा के पुत्र है जिसके सेवानिवृत डॉ. के एल सेहरा ने जानकारी दी है कि अभिषेक का सिविल इंजीनियर में प्रथम प्रयास करने पर ही चयन हुआ है जिसकी 366वी रैंक प्राप्त कर परिवारजन ही नहीं जिले का नाम रोशन किया है जिस खुशी में डॉ. के एल सेहरा और डॉ. हरीश को उनके मित्र,शुभचिंतकों ने खुशी जहिर करते हुए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देने का तांता लग गया वही सेवानिवृत डॉ. के एल सेहरा ने शुभचिंतकों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इसके अलावा शहर के भूडारा बाजार निवासी मंथन जिंदल ने जिले का नाम रोशन किया जिन्होंने 440 वी रैंक और सपोटरा उपखंड के डाबडा की ढाणी जनकपुर के विकास मीणा ने 750वी रैंक प्राप्त कि जिससे उनके परिवारजन सहित शुभचिंतकों में खुशी कि लहर दौड़ी और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

### विधायक ने मेडिकल वैन प्रदान की

**करौली, (निसं)।** करौली जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और जन कल्याण के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने एक महत्वपूर्ण पहल के तहत इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा करौली को अपने विधायक कोटे से एक अत्याधुनिक मेडिकल वैन प्रदान की है। इस मेडिकल वैन का उद्देश्य करौली जिले के ठामीण, दूरस्थ और संसाधन-सीमित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराना है ताकि आपातकालीन स्थिति में समय पर उपचार सुनिश्चित हो सके।इस मेडिकल वैन को विशेष रूप से प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डिजाइन किया गया है। वैन में प्राथमिक चिकित्सा उपकरण,आवश्यक दवाइयाँ,ऑक्सीजन सिलेंडर,ब्लड प्रेशर मॉनिटर, ग्लूकोमीटर, और अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हैं। यह वैन प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मचारियों और पैरामेडिक्स के साथ संचालित होगी जो गाँव-गाँव जाकर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेंगे, मुफ्त स्वास्थ्य जाँच करेंगे और जरूरतमंद मरीजों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुँचाने में सहायता करेंगे। मेडिकल वैन प्रदान करने के अवसर पर आयोजित एक सादे समारोह में विधायक दर्शन सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य हर व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है और हमारा प्रयास है कि करौली जिले का कोई भी व्यक्ति चिकित्सा सुविधाओं से वंचित न रहे। यह मेडिकल वैन उन लोगों के लिए वरदान साबित होगी जो दूरदराज के क्षेत्रों में रहते हैं और जिन्हें समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाती। सोसायटी के सचिव महेश जैन और सदस्य श्रीभान गुर्जर एडवोकेट ने इस अवसर पर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पेयजल समस्या को दूर करने के निर्देश

**करौली, (निसं)।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने गर्मी के मौसम को देखते हुए चैपाल में प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं को गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश पीएचईडी के अधिकारियों को दिये जिससे की पेयजल के संबंध में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडें। उन्होंने आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में मंगलवार को टोडाभीम पंचायत समिति की ठाम पंचायत बालघाट में रात्रि चैपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने रात्रि चैपाल एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान अतिक्रमण हटवाने, नरेगा के तहत टिन शैड डलवाने, मेडिकल सर्टीफिकेट बनवाने, जेजेएम के तहत पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने, टुटी पाईप लाईन को दुरूस्त करवाने, 33ध्11 केवी विद्यृत सबस्टेशन बनावाने, नांगल शेरपुर से बालघाट तक रोड बनवाने, सीमाज्ञान करवाने, रास्ता खुलवाने, पावर हाउस का मेंटिनेंस करवाने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 54 परिवाद प्राप्त हुए। जिन पर जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए।रात्री चैपाल के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, उपखंड अधिकारी टोडाभीम, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीडी शर्मा, सूचना एवं जन संपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीना सहित अन्य मौजूद रहे।

**पश्चिम मध्य रेल**

ई.निविदा सूचना सिविल इंजीनियरिंग

संख्या-डब्ल्यू/623/15 दिनांक-22.04.2025

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवम उनकी ओर से वरिष्ठ मंण्डल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए खुली ई.निविदा आमंत्रित करते है। **टेंडर संख्याः** 53/2025, **कार्य का विवरणः** एड़ीईएन शामगढ़ सेक्शन – इम्प्रूवमेंट ऑफ यार्ड़ एट वेरियस स्टेशनस।, **अनुमानित लागतः** 30272248.38, **बयाना राशिः** 301400.00, **टेंडर संख्याः** 54/2025, **कार्य का विवरणः** एड़ीईएन गंगापुर सिटी सेक्शन : छोटी उदई – मलारना सेक्शन – क्लिनिंग ऑफ मेनहोल, इन्सपेक्शन चेम्बर, एसड़ब्ल्यू पाइपलाइन एण्ड़ सोक पिट लाइन अण्ड़र एसएसई (ड़ब्ल्यू) गंगापुर सिटी जुरिस्ड़िक्शन फॉर टू ईयरस।, **अनुमानित लागतः** 1004103.57, **बयाना राशिः** 20100.00, **टेंडर संख्याः** 55/2025, **कार्य का विवरणः** एड़ीईएन भरतपुर सेक्शन – इम्प्रूवमेंट ऑफ यार्ड़ एट वेरियस स्टेशनस।, **अनुमानित लागतः** 56731226.75, **बयाना लागतः** 433700.00, **टेंडर संख्याः** 56/2025, **कार्य का विवरणः** कोटा – गंगापुर सिटी, सेक्शन – पम्पिंग आउट ऑफ रेन वाटर/मड़ एण्ड़ फ्रॉम एलएचएस इन लियू ऑफ एल सी नं. 129, 131, 139, 140, 141वाय, 143, 144, 145, 146, 147 , 149, 150, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 160, 162, 163 एण्ड़ 164 इनकुलिंड़िग क्लीनिंग ऑफ सम्प/ड्रेन अण्डर द जुरिस्डिक्शन एड़ीईएन – सवाई माधोपुर (फॉर टू इयरस), **अनुमानित लागतः** 2414520.88, **बयाना लागतः** 48300.00, **उपरोक्त सभी निविदा की भरने की अंतिम तिथि एवं समयः** 07.05.2025 को 15.30 घंटे पर। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई.निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटामण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

(हस्ता.)

वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर